प्रभात खबर

19-03-2026

□ बिहार बनेगा पूर्वी भारत का प्रमुख टेक हब : प्रत्यय अमृत

संवाददाता, पटना

कार्यक्रम में मौजूद मंत्री बिजेंद्र यादव, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत व

सतत विकास लक्ष्यों की मॉनीटरिंग फ्रेमवर्क, पर्यावरणीय लेखांकन एवं जेंडर सांख्यिकी' बुधवार को दो दिवसीय राष्ट्रीय स्तर की क्षमता निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया. मौके पर योजना एवं विकास विभाग के मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव ने कहा कि सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए सटीक, विश्वसनीय एवं समयबद्ध आंकड़े अत्यंत आवश्यक हैं. उन्होंने कहा कि यह कार्यशाला शासन में डाटा के महत्व को अधिक मजबूत करने तथा नीति निर्माण को अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है. पटना के फुलवारीशरीफ स्थित के निजी होटल में केंद्र सरकार के सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय तथा राज्य सरकार के योजना एवं विकास विभाग के सहयोग से कार्यशाला का आयोजन किया गया था. संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम का तकनीकी सहयोग प्राप्त है. इसमें देश के लगभग 20 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया. उद्घाटन सत्र के दौरान मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण डेटा प्रभावी नीतियों की आधारशिला है. एसडीजी के 'लीव नोवन बिहाइंड' सिद्धांत को साकार करने के लिए आवश्यक है. बिहार बनेगा पूर्वी भारत का प्रमुख टेक हब बनेगा. सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के सचिव डॉ सौरभ गर्ग ने कहा कि 'एसडीजी इंडिकेटर्स की प्रभावी मॉनीटरिंग के लिए मजबूत सांख्यिकीय प्रणाली, डेटा गुणवत्ता में सुधार तथा राज्यों के बीच सहयोग अत्यंत आवश्यक है. योजना एवं विकास विभाग की अपर मुख्य सचिव डॉ एन विजयलक्ष्मी ने कहा कि 'बिहार में एसडीजी लोकलाइजेशन को प्राथमिकता देते हुए जिला स्तर तक निगरानी तंत्र विकसित किया जा रहा है. मौके पर मिनिस्ट्री ऑफ एसपीआइ और योजना विकास विभाग की विभिन्न प्रकाशनों का विमोचन भी किया गया.